दैनिक
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845
# मेरठ दर्पण
वर्षः 06 अंक 43 मेरठ, गुरुवार 26 अगस्त, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......





## कोरोना का हाहाकार, 24 घंटे के भीतर 31 हजार से ज्यादा केस एक ही प्रदेश में मिले

**दिल्ली।**ह्यभारत मे कोरोना की तीसरी लहर का डर। देश के अन्य हिस्सों में कोरोना की दूसरी लहर भले ही कमजोर पड़ चुकी हो लेकिन केरल में यह अभी हाहाकार मचा रही है. राज्य में बीते 24 घंटे के भीतर 31 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं. वहीं महामारी की वजह से 215 लोगों ने जान गंवाई है. इसी दौरान कुल 20271 लोग कोरोना को हराकर स्वस्थ भी हुए. सबसे चिंताजनक बात राज्य का टेस्ट पॉजिटिविटी रेट यानी टीपीआर है. राज्य में टीपीआर 19.03 फीसदी है. इससे पहले मंगलवार को राज्य में चौबीस घंटों में संक्रमण के 24,296 नए मामले सामने आए थे. ऐसा पिछले दो-तीन महीनों में नहीं हुआ था. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में सबसे ज्ध्यादा मामले और मौतें केरल में ही हो रही हैं. केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जार्ज ने कहा है कि इस बात का भी खयाल रखा जाना चाहिए जो लोग घरों में पृथक वास में हैं, वे दिशानिर्देशों का ठीक से पालन करें.

**स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश**

एक दिन पहले स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था- "तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर जिला स्तर पर अस्पतालों में ऑक्सीजन बेड, आईसीयू एवं वेंटिलेटर का इंतजाम करके उस स्थिति से निपटने की व्यवस्था की जा रही है." मंत्री ने कहा कि चूंकि ऐसी आशंका है कि तीसरी लहर बच्चों को अधिक प्रभावित कर सकती है, क्योंकि उन्हें अब तक टीका नहीं लगा है, ऐसे में उनके इलाज पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा उनके लिए बालचिकित्सा वार्ड एवं आईसीयू का भी इंतजाम किया जा रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि मृत्युदर कम से कम रखने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। बता दें महामारी पहली लहर को काबू करने के लिए केरल की तारीफ सब तरफ हुई थी. लेकिन दूसरी लहर में राज्य बुरी तरह फंसता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत में बना रह सकता है कोरोना! वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन की मुख्ध्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्ध्या स्ध्वामीनाथन का कहना है कि भारत में कोरोना एक तरह से महामारी के स्ध्थानिकता के चरण में प्रवेश कर रहा है, जहां पर कोरोना का निम्ध्न और मध्ध्यम स्ध्तर का संक्रमण जारी है. डॉ. सौम्ध्या ने बताया कि स्थानिक अवस्था तब होती है जब कोई आबादी किसी भी वायरस के साथ ही रहना सीख जाती है. उन्होंने उम्ध्मीद जताई है कि का तकनीकी समूह भारत की कोवैक्सीन को उसके अधि त टीकों में शामिल करने की मंजूरी देने के लिए संतुष्ट होगा. उन्ध्होंने कहा मुझे विश्ध्वास है कि सितंबर के मध्य तक कोवैक्ध्सीन को मंजूरी मिल सकती है।



मेरठ निवासी समाज सेवी आज उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष सुषमा सिंह से उनके नोएडा आवास पर भेंट की इस दौरान अनेक मामलों पर चर्चा हुई ।

## राज्य महिला आयोग की सदस्या ने किया जिला कारागार, राजकीय महिला शरणालय व राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती का निरीक्षण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या राखी त्यागी ने आज जिला कारागार, राजकीय महिला शरणालय व राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती का निरीक्षण कर वहां दी जा रही व्यवस्थाओ का जायजा लिया। राखी त्यागी में जिला कारागार मेरठ में महिला बैरक का निरीक्षण किया। भोजन के संबंध में जानकारी ली तथा तेल, साबुन, टूथपेस्ट आदि की किट का वितरण भी महिला बंदियो को किया। उन्होने वहां चिकित्सा कक्ष व रसोई घर का भी निरीक्षण किया। राज्य महिला आयोग की सदस्या राखी त्यागी ने नारी निकेतन में भोजन की गुणवत्ता की चखकर जांच की तथा बच्चियो से वार्ता की। उन्होने वहां साफ-सफाई की व्यवस्था देखी तथा पूर्व में करायी गयी बागवानी की प्रशंसा की। इस अवसर पर अधीक्षिका नारी निकेतन रीमा राठी, जिला प्रोबेजन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया, जेल अधीक्षक, आदि उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई कर महिला आयोग की सदस्या ने किया महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या राखी त्यागी द्वारा सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर महिलाओं की समस्याओं का निराकरण कराते हुये कहा कि महिलाएं हर मुसीबत का मुकाबला निड़रता व साहस से करें, सरकार व आयोग उनके साथ है। सदस्या ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वह अपने ऊपर हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को बर्दाश्त न करें, बल्कि उसका डटकर सामना करें। इस अवसर पर मा0 सदस्या के सम्मुख 09 महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखी। सभी के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी व तत्काल कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। सर्किट हाउस सभागार में जनसुनवाई करते हुए सदस्या राखी त्यागी ने कहा कि महिलाओं के मौलिक अधिकारों की रक्षा हेतु महिला आयोग का गठन किया गया है। उन्होने महिलाओं से कहा कि वह सरकार द्वारा संचालित महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप



सेन्टर की मदद लें। पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह यह सुनिश्चित करें कि महिलाएं न्याय व मदद पाने के लिये इधर उधर न भटके। सदस्या राखी त्यागी ने कहा कि भारतीय संविधान में समानता की दृष्टि से महिला और पुरूष को समान मौलिक अकिार दिये गये है। महिलाओं को भी समाज में पुरूषों के समान अधिकार प्राप्त है इसलिए वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सहायता हेतु आयोग द्वारा व्हाटस ऐप नम्बर 06306511708 जारी किया गया है। जनसुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्या के समक्ष घरेलू हिंसा, तीन तलाक व पति व ससुराल जनो द्वारा परेषान किये जाने व आर्थिक सहायता दिलाये जाने व छात्रवृत्ति की शिकायत सहित कुल 09 शिकायते आयी। सभी के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी व तत्काल कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपाली, महिला थाने की इंस्पेक्टर संध्या सिंह, जिला प्रोबेजन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व महिलाएं उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी ने कमिश्नरी पर किया मटका फोड़ो आंदोलन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आम आदमी पार्टी जिला मेरठ ने जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में कमिशनरी पार्क पर एकत्र होकर उत्तर प्रदेश में 'जल जीवन मिशन' में हुए हजारों करोड़ों रुपए के घोटाला के संदर्भ में मटका फोड़ो आंदोलन की शुरूवात की व जिला अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौपा। जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में हजारों करोड़ों रुपए के घोटाले का भण्डाफोड़ किया है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में राज्यों को 1 लाख 20 हजार करोड़ का आवंटन किया गया था। किंतु, इस योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री डॉ महेंद्र सिंह एवं अन्य अधि ाकारियों के द्वारा किए गए लगभग हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश में 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत हर घर पानी पँहुचाने हेतु पाइप सप्लाई का कार्य 'रश्मि मटेलिक्स' नामक कंपनी को दिया गया है। इस कंपनी का भ्रष्टाचार एवं निकृष्ट पाइप बनाने में लिप्त रहने का इतिहास रहा है, जिससे सम्बंधित विभिन्न तथ्य निम्न प्रकार है - केंद्रीय आर्थिक सूचना ब्यूरो ने अपनी जाँच में पाया था कि यह कंपनी फर्जी निवेश तथा फर्जी शेल कंपनियाँ बनाने में भी लिप्त है। इन सब तथ्यों के बावजूद भी राज्य जल शक्ति मंत्री द्वारा नियमों को ताक पर रखकर 'रश्मि मटेलिक्स' कंपनी को पाइप सप्लाई का कार्य दे दिया गया है । महानगर अध्यक्ष अज्जू पण्डित के कहा कि उत्तर प्रदेश में 'जल जीवन मिशन' के क्रियान्वयन में भारी




आर्थिक अनियमिततायें सामने आयी है, जो कार्य उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा लगभग घ1580 एवं घ1501 में संपन्न हो जाता है, वही कार्य जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगभग घ2065 एवं घ2100 में करवाया जा रहा है। इस तरह भ्रष्टाचार के कारण राज्य में मिशन के हर कार्य के लागत सामान्य से 30: से 40: तक बढ़ गई है। वहीं थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन के लिए भी यूपी सरकार ने 1. 33: धन खर्च किया है जबकि केरल ने 0. 04: और चेन्नई ने 0.15: में ही इसे संपन्न कर लिया। इस तरह से उत्तर प्रदेश में 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत भारी आर्थिक अनियमितता एवं भयानक भ्रष्टाचार सामने आया है। इस अतिगंभीर मामले को सीबीआई को सौंप कर जांच करवाएं, जिससे दोषियों को सख्त सजा मिले । कार्यक्रम मेंप्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ बाबा विक्रमाजीत सिंह,आप माइनॉरिटी विंग प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ गुरमिन्दर सिंह,माइनॉरिटी विंग प्रदेश सचिव मदन सिंह मान,उमर हबीब, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ कपिल शर्मा, सचिव दीपक चौधरी, जिला महासचिव गौहर रजा सिद्दकी,जिला अध्यक्ष संस्ृ तिक प्रकोष्ठ जूही त्यागी,जिला वरिष्ठ उपड6 राजा राम यादव, जय भगवान शर्मा,जिला उपाध्यक्ष तरुण गोयल,आरिफ खान,गुलशन शर्मा,सुमन पाल सिंह,रियाजुद्दीन,मुन्ना गिर,राहुल चौधरी,जिला कोषाध्यक्ष एस के शर्मा, अनमोल कुमार,यासीन मलिक, विकास रस्तौगी,मनोज भाटी, मनोज शर्मा, तरीकत पवार, फारूक किदवई, इमरान आलम, डॉ साजिद, त्रिलोक सिंह, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कैंट अस्पताल में लग रहे आक्सीजन प्लांट का सांसद द्वारा निरीक्षण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कैंट अस्पताल, मेरठ में डीआरडीओ द्वारा लगाए जा रहे 250 स्प्ड क्षमता वाले ऑक्सिजन प्लांट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होने डाक्टरों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। सांसद द्वारा हास्पिटल में चल रहे कोविड-19 वैक्सीनेशन अभियान का जायजा लिया। इस दौरान अंकित सिंघल, अमन गुप्ता, हर्ष गोयल आदि मौजूद रहे।

# 26 अगस्त को विकास भवन में होगी जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र मेरठ वी0के0 कौशल ने बताया कि माह अगस्त 2021 की जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक का आयोजन 26 अगस्त 2021 को विकास भवन सभागार में सांय 04.00 बजे किया जायेगा। उन्होंने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही, निवेष मित्र की प्रगति, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचारध्चर्चा, अन्य बिंदुओं अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरणध् त कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है। उन्होने बताया कि जिलाधिकारी महोदय ने अपेक्षा की है कि बैठक में भाग लेने वाले सभी अधिकारी स्वयं प्रतिभाग करें। अपरिहार्य परिस्थिति में भिन्न अधिकारी को ही भेजें।

# बीएड व बीएड विशिष्ट शिक्षा की प्रवेश परीक्षा 28 अगस्त को



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की बीएड व बीएड विशिष्ट शिक्षा की प्रवेश परीक्षा 28 अगस्त को प्रात: 10 बजे होगी क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ की समन्वयक डा पूनम गर्ग ने बताया कि मेरठ में स्थित आई एन पी जी कालिज, मेरठ को प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। सभी प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी कोविड 19 के बचाव के नियमों का पालन करते हुए प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र पर 8.30 बजे उपस्थित हो जाये जिससे समय से विधिवत परीक्षा करायी जा सके

# पति के शव को पंखे से लटकता देख पत्नी की निकली चीख

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित सरकारी कॉलोनी में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। युवक का शव घर में पंखे पर रस्सी से लटका मिला। युवक के शव को लटका देख पत्नी की चीख निकल गई। महिला का शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े।सूचना पर पुलिस मौके पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। कंकरखेड़ा के दायमपुर गांव में सरकारी डूडा कॉलोनी बनी हुई है। डूडा कॉलोनी में युवक पवन निवासी बहसूमा अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। बताया जाता है कि बुधवार को युवक ने पंखे से लटककर फांसी लगा ली। पत्नी के अनुसार कुछ दिन पूर्व पड़ोसियों से किसी बात पर झगड़ा हो गया था। जिसके बाद युवक गुमसुम और डरकर रहने लगा था। आज बुधवार को युवक और दूसरे पक्ष के बीच में समझौता होना था। सुबह मृतक पवन दूसरे पक्ष के घर से होकर आया। युवक सीधा अपने कमरे में चला गया था। मृतक की पत्नी बाहर बर्तन धो रही थी। बर्तन धोने के बाद उसकी पत्नी कमरे में गई तो पति का शव पंखे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर-शराबा सुनकर पड़ोसियों की भीड़ मौके एकत्र हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस की सूचना पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने युवक के शव को मोर्चरी पहुंचा दिया।

# मतदान केन्द्र व मतदेय स्थलो की सूची का हुआ आलेख्य प्रकाशन: डीएम

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद मेरठ स्थित समस्त 07 यथा, 43-सिवालखास, 44-सरधना, 45-हस्तिनापुर द्धअ0जा0त्र, 46-किठौर, 47-मेरठ कैन्ट, 48-मेरठ एवं 49-मेरठ दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो हेतु मतदान केन्द्रध्मतदेय स्थलो की सूची का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एनआईसी, मेरठ को मतदान केन्द्रध्मतदेय स्थल से संबंधित सूचियो को जनसामान्य की जानकारी हेतु जनपद की वेबसाईट एवं facebook-com/dmmeerut पर अपलोड कराने के लिए निर्देशित किया है।

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक में कई प्रस्ताव मंजूर

**विपुल जैन**

**बागपत।** नगर के मेरठ रोड स्थित वात्सायन पैलेस में बुधवार को वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक हुई, जिसमें कई प्रस्तावों को करतल ध्वनियो के साथ मंजूर कर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के उपाध्यक्ष राजपाल शर्मा एवं सचिव ब्रह्मपाल सिंह रुहेला ने बताया कि शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आगामी 4 सितंबर को वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा 5 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा नगर में एकता, परस्पर सौहार्द



व भाईचारा बनाए रखने के लिए नगर के प्रमुख समाज सेवी हाजी यासीन को भी सम्मानित किया जाएगा। बताया कि उन्होंने नगर की सिटी प्लाजा कॉलोनी में मंदिर के निर्माण के लिए बहुमूल्य भूमि दान कर हिंदू-मुस्लिम एकता का परिचय दिया है। बैठक में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष जनक सिंह सोम, नरेश शर्मा प्रधानाचार्य, ब्रजमोहन गौतम, मास्टर बशीर अहमद, मोहन गिरी आदि थे।

# भाजपा नेता ने अपनी धर्मपत्नी के साथ कोरोना वैक्सीन की लगवाई डोज

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा नेता अनिल चौधरी दबथुआ ने अपनी धर्मपत्नी निधि चौधरी के साथ कोरोना वैक्सीन की डोज लगवाई । अनिल चौधरी दबथुआ ने कहा के देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज इस भयंकर महामारी से लड़ने में सफल रहा है जिसमे देश की जनता का पूरा सहयोग रहा। अनिल दबथुआ ने सभी क्षेत्र वाशियो से अपील भी की के किसी भी अफवाह पर विस्वास ना करे देश मे लग रही सभी कोरोना वैक्सीन पूर्णत सुरक्षित है और लाभदायक है इस लिये सभी 18 वर्ष से ऊपर के लोग वैक्सीन जरूर लगवाये ।




# योजनाओ का लाभ पात्र श्रमिको व उनके बच्चो तक पहुंचाया जाये: पं0 सुनील भराला

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उ0प्र0 श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला ने सर्किट हाउस में विभागीय योजनाओ की समीक्षा व आगामी 29 अगस्त 2021 को राष्ट्रीय खेल दिवस को मेजर ध्यान चन्द जयंती के रूप में मनाये जाने के संबंध में अधिकारियों से विचार विमर्श किया व दिशा-निर्देश दिये। पं0 सुनील भराला ने कहा कि योजनाओ का लाभ पात्र श्रमिको व उनके बच्चो तक पहुंचाया जाये तथा योजनाओ की प्रगति में मेरठ नंबर एक पर आये इसके लिए अधिकारी परस्पर समन्वय, ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। उन्होने मीडिया से वार्ता भी की। उ0प्र0 श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला ने बताया कि 29 अगस्त 2021 को राष्ट्रीय खेल दिवस को मेजर ध्यान चन्द जयंती के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाडियो को सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होने कहा कि श्रम कल्याण परिषद भारत के सभी महान पुरूषो की जयंती श्रमिको के बीच में मनायेगा इसके लिए रू0 01 लाख बजट का प्रावधान भी किया गया है। उ0प्र0 श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुनील भराला ने अधिकारियों से कहा कि वह खेल संघ के अध्यक्ष, सचिव से वार्ता कर श्रमिको के बच्चो को योजनाओ का लाभ दिलाये तथा उन्हें चेतन चौहान क्रीडा प्रोत्साहन सहायता योजना से लाभान्वित कराये। उन्होने कहा कि इस योजना में सरकारीध्प्राईवेट कारखानो व वाणिज्यिक दुकानो में कार्य करने वाले श्रमिको के बच्चो को भी लाभ मिलेगा। सहायक श्रमायुक्त घनश्याम सिंह ने बताया कि ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजनान्तर्गत कारखानोंध्वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में काम कर रहे श्रमिको की पुत्रियो तथा स्वयं महिला श्रमिको के विवाह एवं तलाकशुदाध्परितक्यता व विधवा महिला श्रमिको के पुनर्विवाह हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। पात्र पंजी त श्रमिक की कन्या को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस धनराशि को रू0 25 हजार से बढ़ाकर रू0 51 हजार कर दिया गया है। सहायक श्रमायुक्त घनश्याम सिंह ने बताया कि डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम श्रमिक प्राविधिक शिक्षा सहायता योजनान्तर्गत उ0प्र0 में स्थित दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम 1962 एवं कारखाना अधिनियम 1948 के अंतर्गत पंजी त अधिष्ठानो में कार्यरत श्रमिको के पुत्र एवं पुत्रियो 02 बच्चो तक इस योजना का लाभ देय है। योजना में सर्टीफिकेट कार्यक्रम हेतु रू0 07 हजार एकमुश्त प्रतिवर्ष, डिप्लोमा कार्यक्रम हेतु रू0 10 हजार एकमुश्त प्रतिवर्ष तथा डिग्री कार्यक्रम हेतु रू0 15 हजार एकमुश्त प्रतिवर्ष तक का हितलाभ दिया जाता है। सहायक श्रमायुक्त घनश्याम सिंह ने बताया कि गणेश शंकर विद्यार्थी श्रमिक पुरस्कार राशि योजनान्तर्गत उ0प्र0 में स्थित दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम 1962 एवं कारखाना अधिनियम 1948 के अंतर्गत पंजी त अधिष्ठानो में कार्यरत श्रमिको के पुत्र एवं पुत्रियो 02 बच्चो तक इस योजना का लाभ देय है। योजना में 60 प्रतिशत अथवा इससे अधिक अंक पाने वाले अभ्यार्थियो को रू0 05 हजार प्रति अभ्यर्थी एकमुश्त वर्ष में एक बार तथा 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थियो को रू0 7,500-00 प्रति अभ्यर्थी



एकमुश्त प्रतिवर्ष तक का हितलाभ दिया जाता है। राजा हरिशचन्द्र मृतक श्रमिक आर्थिक सहायता योजनान्तर्गत कारखाना अधिनियम के अंतर्गत औद्योगिक अधिष्ठानो में कार्यरत श्रमिको की मृत्यु की स्थिति में इस योजना का लाभ देय होगा। इस योजना में मृतक श्रमिको की विधवाओधविधुरध आश्रितो को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है तथा पात्र पंजी त श्रमिक के मृत्यु की स्थिति में आश्रित को रू0 25 हजार की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जाती है। पात्र पंजी त श्रमिक के मृत्यु की स्थिति में उसके आछित को रू0 10 हजार की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जाती है। उसके आश्रित को रू0 10 हजार की ध नराशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जाती है। सहायक श्रमायुक्त घनश्याम सिंह ने बताया कि चेतन चौहान क्रीडा प्रोत्साहन सहायता योजनान्तर्गत कारखाना अधिनियम के अंतर्गत अधिष्ठानोध कारखानो में कार्यरत श्रमिको के पुत्र एवं पुत्रियो 02 बच्चो तक इस योजना का लाभ देय होगा। पात्र पंजी त श्रमिको पुत्रध पुत्रियो को जिलाधराज्यधराष्ट्रीयध अन्तराष्ट्रीय स्तर पर खेलो में चयन होने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस धनराशि में भी बढ़ोत्तरी की गयी है।

# लिफ्ट देने के बहाने लूट करने वाले बदमाश पुलिस मुठभेड़ में हुए घायल, अवैध असलाह व लूटी गई रकम बरामद




**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ मे दो बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गए जबकि जवाबी फायरिंग में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है घायल बदमाशों ने लिफ्ट देने के बहाने व्यापारी के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था बदमाश अवैध ा असलाह सहित लूटी हुई रकम बरामद की गई है जनपद मुजफ्फरनगर में देर रात्रि उस समय पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। जब दिल्ली छतरपुर निवासी एक व्यापारी प्रशांत सिंह अपने साथियों के साथ ऑटो गाड़ी बुक करा कर हरिद्वार जा रहे थे अचानक जनपद मुजफ्फरनगर मंसूरपुर क्षेत्र के नावला कट के पास उनका ऑटो पलट गया, तभी एक सफेद कलर की स्विफ्ट गाड़ी हाईवे से गुजरती हुई इन लोगों को लिफ्ट दे देती है और आगे चलकर गाड़ी में 2 लोगों के साथ असलाह के बल पर लूटपाट कर इनको सड़क किनारे फेक देते है,तभी पीड़ितों के द्वरा थाना मंसूरपुर पुलिस को सूचना दी जाती है,तत्काल पुलिस द्वरा वायरलेस सेट से चेकिंग कर रही पुलिस को अवगत कराया, उसी दौरान सफेद कलर की स्विफ्ट गाड़ी जो कि बेगराजपुर जड़ौदा के पास से गुजर रही थी पुलिस ने जब रोकने का इशारा किया तो यह गाड़ी नहीं रुके बल्कि पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया, जब पुलिस ने आत्मरक्षा के चलते गोली चलाई तो गाड़ी में सवार दो लोगों को गोली लगी और तीसरा इनका साथी फरार हो गया। घायलों की पहचान इमरान पुत्र मेहरदीन व जान मोहम्मद पुत्र आस मोहम्मद निवासी सरधना मेरठ के रूप में हुई है, जो कि शातिर बदमाश है जवाबी फायरिंग के दौरान एक सिपाही मोनू गोली लगने से घायल हो गया है। वही इन बदमाशों का तीसरा साथी जंगलों में फरार होने में कामयाब हो गया है जिसके पुलिस द्वारा लगातार कॉम्बिंग जारी रही । इन शातिर बदमाशों के पास से पिस्टल,तमंचा कारतूस स्विफ्ट गाड़ी सहित लूट की रकम भी बरामद हुई है। सभी घायलों को नजदीकी सीएससी इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा बदमाशों के अपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल द्वारा खिलाड़ी का अभिनंदन करते हुए हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** वर्ल्ड यूथ आर्चरी चैपियनशिप 2021 पोलैंड में स्वर्ण पदक विजेता साहिल चौधरी ने आर्थिक मदद के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल से मुलाकात की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल द्वारा खिलाड़ी का अभिनंदन करते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया इस अवसर पर जिला मंत्री वैभव त्यागी, हर्ष बालियान, प्रदीप निर्वाल, शुभम चौधरी, मोंटी बालियान द्वारा भी खिलाडी का अभिनंदन किया गया

# गन्ना मूल्य बढेगा और किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस होंगे: योगी




**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा पराली जलाने को लेकर किसानों पर दर्ज हुए सभी मुकदमें वापस लिए जाएंगे। साथ ही नए गन्ना सत्र से बकाया पिछला पूरा भुगतान तुंरत करा दिया जाएगा। गन्ना मूल्य कितना बढ़ाया जाना है यह मुख्यमंत्री जल्द ही तय कर देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुध ावार को प्रदेश भर के किसानों के साथ वर्चुअल संवाद कर रहे थे। इस दौरान गन्ना किसानों ने भुगतान और गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने की बात रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित लोगों चीनी संघ, गन्ना किसान यूनियन आदि से बातचीत कर जल्द ही गन्ना मूल्य बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया जाए। केंद्र सरकार ने बुधवार को ही गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 290 रुपये प्रति कुंतल कर दिया है। माना जा रहा था कि इसके बाद राज्य सरकार भी गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ा सकती है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गन्ना पेराई के नए सत्र से पहले पिछला सारा गन्ना भुगतान कर दिया जाएगा। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी किसानों की समस्याएं हल करने के निर्देश दिए। उन्होंने पराली जलाने को लेकर प्रदेश भर में हुए सभी मुकदमों को वापस लेने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे किसानों की सूची बनाई जाए, जिनसे प्रशासन न जुर्माना वसूला है। उनका जुर्मामा भी तुरंत ही वापसी करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी किसान का बिजली कनेक्शन बिल बकाया होने के कारण न काटा जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसानों के बकाया बिजली बिल को माफ करने के लिए ब्याज माफी की नई ओटीएस योजना तुरंत लागू की जाए। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# भाजपा जिला अध्यक्ष के पिता ओमप्रकाश जी का निधन




**मेरठ दर्पण–मेरठ।** भाजपा जिला अध्यक्ष विमल शर्मा के पूज्य पिता जी श्री ओमप्रकाश जी का आज निधन हो गया। विमल शर्मा को सांत्वना देने विधायक संगीत सोम,जितेंद्र सतवाई, सासंद राजेन्द्र अग्रवाल,मुकेश सिंघल,मनिन्दर विहान भराला,गौरव चौहान आदि सेंकडो भाजपाई पहुचे।

# उधोग व्यापार मंडल इकाई कच्ची सड़क व्यापार मंडल का गठन

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल ने अपनी नई इकाई कच्ची सड़क व्यापार मंडल का गठन किया जिसमें उद्धप्रद्धउधोग व्यापार मंडल मुजफ्फरनगर के नगर अध्यक्ष अजय सिंघल की अध्यक्षता में सोहनपाल को संरक्षक, संजीव सिंघल को अध्यक्ष ,सुमित वर्मा को महा मंत्री, ओर हरीश गाबा को कोषाध यक्ष बनाया गया जिसमें जिला अध्यक्ष अशोक कंसल द्धपूर्व विधायकत्र जिला महामंत्री श्याम सिंह सैनी, नगर महामंत्री प्रवीण खेड़ा और सदस्य प्रदेश कार्यकारणी दिनेश बंसल, युवा जिला अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने उपस्थित हो कर नई इकाई का मार्ग दर्शन किया प्रमुख अतिथि जिला अध यक्ष अशोक कंसलद्धपूर्व विधायकत्र ने



सभी को बंधाई देते हुए कच्ची सड़क व्यापार मंडल को मजबूत बनाने के लिए हर प्रकार से सहयोग देने के लिए उद्धप्रद्धउधोग व्यापार मंडल मुजफ्फरनगर हमेशा तत्पर रहेगा ये आश्वाशन दिया। जिला महामंत्री श्याम सिंह सैनी ने भी व्यापारी भाइयो को पूर्ण रूप से नगर में व्यापार मंडल की नई इकाई के गठन को ओर मजबूत तथा सुद्रढ़ बनाने के लिए संबोधित करते हुए कहा प्रयास करने से ही सफलता की प्राप्ति होती है। नगर अध्यक्ष श्री अजय सिंघल जी ने भी अपने शब्दों में नई इकाई का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी वर्ग को अगर आगे बढ़ना है एक होकर संगठित होकर ही हर समस्या से पार पाया जा सकता है। बैठक में उपस्थित परवेज मालिक, अंकित गोयल, सुधीर त्यागी, शिवकुमार, सुधीर कुमार, दिलशाद त्यागी मोद्ध उस्मान ने वक्ताओं को सुना और व्यापार मंडल के सभी विशिष्ट जनों का सम्मान किया।

# नंबर दो का काम करने वाले सिटी सेंटर के व्यापारी पुलिस से हुए परेशान, की तालाबंदी

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सिटी सेंटर मार्केट के दुकानदारों ने आज बाजार बंद कर प्रदर्शन किया। यह मार्केट तमाम नंबर दो के काम के लिए बदनाम है। विगत महीने भी दुकानदार और ग्राहकों में मारपीट हो गई थी। आज फिर दुकानदार व ग्राहक में झगड़ा हुआ। इसके बाद व्यापारियों ने सिटी सेंटर मार्केट बंद कर प्रदर्शन किया। आज दोपहर लगभग 3रू00 बजे सिटी सेंटर मार्केट मुजफ्फरनगर में स्थित राजू मोबाइल वाले और एक महिला के बीच मोबाइल ठीक कराने संबंध में कहासुनी हो गई एवं महिला ग्राहक ने तत्काल ही पुलिस की 112 सेवा पर कश्वल कर दी। शीघ्र ही 112 पुलिस सेवा की गाड़ी सिटी सेंटर मार्केट पहुंच गई एवं खालापार पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी भी घटनास्थल



पर आ गए और सिटी सेंटर मार्केट से दोनों पक्षों को पुलिस चौकी खालापार में ले आए। पुलिस ने खालापार पुलिस चौकी में ही बैठकर दोनों पक्षों की बात सुनी एवं महिला ग्राहक के संतुष्ट होने पर दुकानदार राजू मोबाइल और ग्राहक महिला के बीच आपसी समझौता हो गया। कुछ लोगों ने इस मामले को तूल दे दिया और अचानक सिटी सेंटर मार्केट के शटर डाल दिए गए और सिटी सेंटर मार्केट कैंपस में ही प्रदर्शन भी किया गया इसी बीच नगर कोतवाली मुजफ्फरनगर के शहर कोतवाल संतोष कुमार त्यागी ने मामले में हस्तक्षेप किया और दुकानदारों से वार्ता की दुकानदारों एवं पुलिस की वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में हो गई एवं दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोल ली। मामला निपटने के बाद अब नगर कोतवाली पुलिस उन लोगों की जांच कर रही है जिन लोगों ने इस पूरे मामले को बहुत अधिक तूल दिया एवं दुकानदारों को भड़काया बाहर हाल सिटी सेंटर मुजफ्फरनगर के सभी दुकानदारों ने नगर कोतवाली पुलिस से संतुष्टि जताई है एवं कहा है कि अब उन्हें किसी से भी शिकायत नहीं है। अब देखना यह है कि आगे इस प्रकरण में क्या कार्यवाही होती है। सिटी सेंटर मार्केट में खालापार चौकी में तैनात दो सिपाहियों पर अवैध धन उगाही का आरोप लगाते हुए दुकानदारों ने एक के बाद एक धड़ाधड़ शटर गिरा कर प्रदर्शन किया। मामले पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। शहर कोतवाली प्रभारी की सूझबूझ से दुकानदारों को आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त किया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र की खालापार चौकी के इलाके में आने वाली बहुप्रसिद्ध मार्केट सिटी सेंटर के व्यापारियों ने आज उगाही से आहत होकर मार्केट बंद कर सारी दुकानों की चाबी शहर कोतवाली प्रभारी को सौंप दी और कहा कि पूरी मार्किट आप ही रख लीजिए। एक व्यापारी ने बताया कि खालापार चौकी के दो सिपाहियों ने मार्केट में रिश्वती आतंक और अवैध उगाही का तांडव मचा रखा है। आलम तो यह है कि जो व्यापारी इन सिपाहियों का विरोध करता है तो यह उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। नगर कोतवाली प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही उक्त सिपाहियों के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। सभी व्यापारियों ने कहा है कि यदि हमारी सुनवाई नहीं होती है तो हम कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देकर कार्यवाही की मांग करेंगे।

# मिशन शक्ति के तीसरे चरण में बालिकाओं को दी सुरक्षा टिप्स



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मिशन शक्ति के तीसरे चरण के अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय, ग्राम पंचायत चितौड़ा, विकास खण्ड जानसठ, मुजफ्फरनगर में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन, खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सविता डबराल, श्री विनोद मोहन निदेशक पी0एन0बी0 ग्रमीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मोरना, बाल कल्याण समिति सदस्य डा0 राजीव कुमार, प्रधानाचार्य विपिन शर्मा एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मौहम्मद सुभानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा हेतु डा0 राजीव कुमार, सदस्य, बाल कल्याण समिति द्वारा हेल्पलाईन नम्बर–101, 102, 108, 112, 181, 1076, 1090 एवं 1098 के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री मौहम्मद मुशफेकीन द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे–मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड सामान्य के विषय में जानकारी उपलब्ध करायी गयी। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सविता डबराल द्वारा विद्यालय स्टश्वफ को मिशन शक्ति–3 के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सहयोग देने हेतु अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को कोविड–19 से बचाव हेतु फेस मास्क वितरित किये गये एवं शिक्षक दिवस के उपलक्षय में महिला शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं हेल्पलाईन नम्बर से संबंधित हैण्डबिल एवं पोस्टर वितरित किये गये। इसके साथ बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अन्तर्गत बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला शिक्षिका श्रीमती अर्चना अग्रवाल, श्रीमती ममता चौधरी, श्रीमती अमिता रानी, श्रीमती ममता रानी, श्रीमती संगीता एवं श्रीमती मीनाक्षी को मिशन शक्ति–3 के अन्तर्गत सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य श्री विपिन शर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थिति सभी अतिथियों को शश्वल उढाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति मुजफ्फरनगर के सदस्य डा0 राजीव कुमार द्वारा किया गया। डा0 राजीव कुमार द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन, खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सविता डबराल एवं विनोद मोहन निदेशक पी0एन0बी0 ग्रमीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मोरना को मां सरस्वति की तस्वीर भेंट की गयी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

## आम आदमी पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।मुजफ्फरनगर** । आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में हजारों करोड़ों रुपए के घोटाले का भण्डाफोड़ किया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत वर्ष 2020–21 में राज्यों को ध्1 लाख 20 हजार करोड़ का आवंटन किया गया था। किंतु, इस योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा किए गए लगभग हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। जिला महासचिव तसव्वुर हुसैन ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत हर घर पानी पँहुचाने हेतु पाइप सप्लाई का कार्य 'रश्मि मटेलिक्स' नामक ऐसी कंपनी को दिया गया है जो केंद्रीय आर्थिक सूचना ब्यूरो द्धब्म्प्ठ्ठ के अनुसार फर्जी निवेश तथा फर्जी शेल कंपनियाँ बनाने में भी लिप्त है एवं नि ष्ट पाइप बनान का इतिहास भी रहा हैघ् साथ ही देश के 8 राज्यों तथा सेना के द्वारा इस कंपनी को भ्रष्टाचार एवं निम्न गुणवत्ता के कारण ब्लैक लिस्टेड किया हुआ है। और तो और उत्तर प्रदेश राज्य में भी योजना के कार्यकारी निदेशक, यूनिट कोअश्वर्डिनेटर, परियोजना प्रबंधक तथा पूर्व मुख्य अभियंता ने अपनी रिपोर्ट्स में कहा है कि इस कंपनी द्वारा बनाए गए पाइप मानकों के अनुरूप नहीं है। इन सब तथ्यों के बावजूद भी राज्य जल शक्ति मंत्री द्वारा नियमों को ताक पर रखकर 'रश्मि मटेलिक्स' कंपनी को पाइप सप्लाई का कार्य दे दिया गया है जिला संगठन प्रभारी अजय चौधरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 'जल जीवन मिशन' के क्रियान्वयन में भारी आर्थिक अनियमिततायें सामने आयी है, जो कार्य उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा भ्रष्टाचार के कारण लगभग राज्य में मिशन के हर कार्य के लागत सामान्य से 30: से 40: तक बढ़ गई है। वहीं थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन के लिए भी यूपी सरकार ने 1.33: धन खर्च किया है जबकि केरल ने 0.04: और चेन्नई ने 0.15: में ही इसे संपन्न कर लिया। कि इस अतिगंभीर मामले को सीबीआई को सौंप कर जांच करवाएं, जिससे दोषियों को सख्त सजा मिले इस अवसर पर जोगिंदर सिंह बांकुरा, वसी खैरी, जयवीर ठाकरान, मुसद्दीलाल अनुराग अहलावत, कुलदीप तोमर, बिलाल राणा, शहजाद नबी जैदी एडवोकेट कैसर, राज सिंह रहबर जैदी, जावेद वरुण, शाहनवाज, नईम, इदरीस तावली आदि बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाबालिग के अपहरण और रेप का आरोपी गिरफ्तार



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थानाक्षेत्र के एक गांव में नाबालिग का अपहरण एक युवक द्वारा रेप करने के आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।पुलिस ने रेप करने वाले आरोपी को बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है। दरअसल चरथावल थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक नाबालिग युवती का एक युवक ने अपहरण कर लिया जिसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद नाबालिग युवती को बरामद कर लिया था बरामद की गई युवती ने पुलिस पूछताछ में बताया गांव के ही एक युवक ने उसका अपहरण कर अज्ञात स्थान पर ले जाकर उसके साथ रेप किया पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू की चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में एसआई शिव सिंह नागर ने ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी आदित्य पुत्र संजय निवासी बधाई कला को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** डीएम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें जिला अधिकारी द्वारा ओपीडी, एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड के बारे में विश्लेषण किया गया एवं प्रत्येक डॉक्टर को अपने संबंधित सीएचसी एवं पीएचसी के वार्ड में भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल को मॉडर्न अस्पताल बनाने का प्रस्ताव रखा। जिलाधिकारी ने मुख्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में सिटी स्कैन संचालकों द्वारा ओवर रेटिंग की शिकायतें प्राप्त हो रही है ऐसे संचालकों के विरुद्ध जांच कराई जाए एवं नियम विरुद्ध चार्ज लिए जाने पर सेंटर को सील किए जाने की कार्रवाई करें।इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आलोक कुमार ,डॉक्टर महावीर सिंह फौजदार मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे

## आतिफ ने की देश के युवाओं से टीकाकरण की अपील



**देहरादून।** मानवाधिकार कार्यकर्ता आर्किटेक्ट मोहम्मद आतिफ ने कोविड वेक्सीन की पहली डोज लगवाकर देश के सभी युवाओ से टीकाकरण की अपील की।आतिफ ने बताया कि पूरी दुनिया ने वर्ष 2020 में कोविड–19 महामारी का भयावह रूप देखा जिसने पूरे दुनिया के लोगों को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक अवसाद में धकेलने के अलावा उन्हें गहरा वित्तीय झटका भी दिया जिससे भारत भी अछूता नही रहा।और इस महामारी से लोगो के जान और माल दोनों का बड़ा नुकसान हुआ इसके लिए कई तरह के इलाज आजमाए गए पर कुछ भी अचूक साबित नहीं हुआ है,ऐसे में लोगों को टीका लगाने का अभियान पूरी दुनिया में चलाया गया है और यह उम्मीद की जा रही है कि यह संक्रमण पर लगाम लगाने में सक्षम होगा और कई मुल्कों में इसका असर दिखाई दिया।इस वायरस की अपनी कोई कोशिका नहीं होती इसलिए वह जिसके शरीर में प्रवेश करता है उसी के शरीर की मदद लेकर फैलता है,टीका इसलिए आवश्यक है क्योंकि यह हमारे शरीर को इस वायरस को पहचानने और इसको मारने के लिए जरूरी एंटीबश्वडी बनाने की क्षमता देता है जो इसके प्रसार पर भी रोक लगाता है,भारत में इस समय तीन तरह के वैक्सीन उपलब्ध हैं– कोवैक्सिन कोविशील्ड और रूस द्वारा तैयार की गई स्पूतनिक आतिफ ने टीकाकरण पर लोगो द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों पर विराम लगाते हुए कहा कि टीकाकरण किसी भी व्यक्ति का निजी फैसला हो सकता है,पर चिकित्सा विशेषज्ञ व भारत सरकार द्वारा लोगों को टीका लगवाने की सलाह दी जा रही है क्योंकि यह आपके शरीर को वायरस से लड़ने की क्षमता देता है और अगर ज्यादा से ज्यादा लोग टीका लगवाएंगे तो इसके प्रसार पर रोक लग पाएगी और भविष्य में कोरोनावायरस की तीसरी लहर आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है जिसके प्रकोप से बचने में यह टीकाकरण काफी सहायक साबित होगा।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।